कोटद्वार, मंगलवार
23 जुलाई 2024
वर्ष: 46
अंक: 89 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979 — संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### सड़क पर बोल्डर गिरने से10 घंटे तक फंसे रहे वाहन

चमोली : सोमवार को कर्णप्रयाग में अपर बाजार बाईपास मोटर मार्ग पंचपुलिया में पहाड़ी से बोल्डर आने के कारण करीब 10 घंटे तक बाधित रहा। इस दौरान पिंडरघाटी और रानीखेत की तरफ से आने वाले कई मालवाहक वाहन बस फंसे रहे। दोपहर बाद लोनिवि ने जेसीबी से सड़क पर गिर बोल्डरों हटाकर यातायात बहाल किया। जेसीबी मशीन देर से पहुंचने पर वाहनों में फंसे लोगों ने नाराजगी जताई। रविवार रात को कर्णप्रयाग सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश हुई। बारिश से अलकनंदा और पिंडर नदी का जलस्तर बढ़ गया। वहीं पंचपुलिया के पास अपर बाजार बाईपास रोड पर सैकड़ों टनों के चार बड़े बोल्डर पहाड़ी से खिसककर सड़क पर आ गए। गनीमत रही कि रात होने के कारण सड़क पर वाहन नहीं चल रहे थे। बोल्डर गिरने से ग्वालदम, थराली, देवाल, नारायणबगड़ और रानीखेत व गैरसैंण से आने वाले ट्रक और बसें सुबह पांच बजे से दोपहर ढाई बजे तक फंसे रहे। (एजेंसी)

### कार की टक्कर से स्कूटर सवार रेस्टोरेंट कर्मी की मौत

देहरादून। रायपुर रोड पर डीआरडीओ के पास कार की टक्कर से स्कूटर सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने कार कब्जे में लेकर आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। मामले में मृतक के परिजनों तहरीर देंगे तो पुलिस आरोपी कार ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करेगी। रायपुर थानाध्यक्ष प्रदीप नेगी ने बताया कि दयाल सिंह उम्र 40 वर्ष पुत्र प्रेम सिंह रावत निवासी नथुवावाला, रायपुर, घंटाघर स्थित कुमार स्वीट शॉप में काम करते थे। रविवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे कुमार स्वीट्स से अपने स्कूटर से घर जा रहे थे। तभी डीआरडीओ के पास रायपुर से सहस्त्रधारा क्रॉसिंग की तरफ जा रही कार से स्कूटर की जबरदस्त टक्कर हुई। पुलिस मौके पर पहुंची और स्कूटर सवार गंभीर घायल दयाल सिंह को उपचार के लिए कोरोनेशन अस्पताल भिजवाया गया। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित किया। मौके से पुलिस ने कार कब्जे में लेकर उसके चालक को हिरासत में ले लिया। कार चालक की पहचान करन सिंह रावत पुत्र रणवीर निवासी मयूर कॉलोनी लोअर नेहरूग्राम चला रहा था। करन सिंह का बडासी ग्रांट में रिजॉर्ट है। वह देर रात वहां से लौट रहा था। सोमवार दोपहर को दयाल सिंह शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### 30 जुलाई को सीएम आवास कूच करेंगे बेरोजगार

देहरादून। अपनी मांगों को लेकर बेरोजगार 30 जुलाई को सीएम आवास कूच करेंगे। उत्तराखंड बेरोजगार संघ की एकता विहार में हुई बैठक में सोमवार को इसका ऐलान किया।

संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राम कंडवाल ने बताया कि इसमें प्रदेश भर से सैकड़ों युवा शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि बेरोजगार अपनी मांगों को लेकर कई बार मुख्यमंत्री आवास, सचिवालय और विभागों के चक्कर काट चुके हैं। लेकिन उनकी मांगें अब तक पूरी नहीं हुई हैं। दरअसल बेरोजगारों ने मांग रखी है कि उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती की उम्र सीमा में सिर्फ एक बार सरकार बदलाव करें और इसका शासनादेश तत्काल जारी करे। इसके अलावा बेरोजगारों ने सात साल से रुकी यूपीसीएल और पिटकुल में जेई–एई की भर्ती की भी मांग की है। साथ ही फॉरेस्ट गार्ड भर्ती में उम्र सीमा बढ़ाने के साथ ही संयुक्त परीक्षाओं में वेटिंग के प्रावधान की भी मांग की है।

### स्नान के दौरान गंगा नदी में डूबने से 3 की मौत, एक लापता

भागलपुर , बिहार के भागलपुर जिले के नवगछिया में सोमवार को श्रावण महीने के पहले दिन गंगा स्नान करने के दौरान नदी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, पवित्र श्रावण मास की शुरुआत के दिन कुछ लोग नवगछिया के मथुरापुर जहाज घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। इसी बीच, स्नान के दौरान कई युवक लगाए बैरिकेडिंग के आगे चले गए और नदी की तेज धार में पहुंच गए तथा बहने लगे।

## संसद में नीट को लेकर हंगामा

# शिक्षा मंत्री बोले– पेपर लीक को लेकर कोई सबूत नहीं, राहुल ने कहा–गड़बड़ी हुई है



नई दिल्ली ,मानसून सत्र शुरू हो गया। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नीट में हुई गड़बड़ी पर बोल रहे थे। इस दौरान विपक्ष ने हंगामा किया और उनके इस्तीफे की मांग की। जबाव में शिक्षा मंत्री ने कहा, मामला सुप्रीम कोर्ट में है और कोर्ट का जो भी निर्देश होगा हम उसे मानेंगे। कोर्ट ने सभी छात्रों के सिटी और सेंटर वाइज रिजल्ट जारी करने को कहा था, जो पब्लिक डोमेन में है।शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले 7 साल में एक भी पेपर लीक का सबूत नहीं हैं। हां कुछ जगहों पर गड़बड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में कुछ नहीं छिपा रही।

नीट पेपर लीक मामले पर राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि पेपर लीक एक गंभीर मुद्दा है। परीक्षा व्यवस्था में बड़ी गड़बड़ी हुई है। शिक्षा मंत्री समस्या को नहीं समझ पा रहे हैं। पैसा हो तो आप कोई भी सीट ले सकते हैं। राहुल गांधी के बयान पर धर्मेंद्र प्रधान ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उनसे मुझे सर्टिफिकेट लेने की जरूरत नहीं है। मुझे जनता ने चुनकर भेजा है। रिमोट से सरकार चलाने वाले बयान दे रहे हैं। परीक्षा व्यवस्था पर सवाल नहीं होने चाहिए. सिस्टम सुधारने के लिए सुझाव दें। वहीं नीट पेपर लीक के मुद्दे पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार पेपर लीक का रिकॉर्ड बनाएगी। जांच के बाद लोग जेल भेजे जा रहे हैं।

### देहरादून के स्कूल और आंगनबाड़ी में मंगलवार को छुट्टी

देहरादून । मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए देहरादून जिला प्रशासन ने मंगलवार को जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ ही कक्षा 1 से 12वीं तक के सरकारी और निजी स्कूलों में छुट्टी घोषित की है। सोमवार को भी सुबह स्कूल खुलने के समय पर देहरादून में भारी बारिश से बच्चों को परेशानी उठानी पड़ी थी। कई स्कूलों में पानी घुस गया था। देहरादून के साथ ही टिहरी, उत्तरकाशी, पौड़ी और उत्तरकाशी जिले में आज मंगलवार के लिए कहीं–कहीं भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

नैनीताल, चंपावत, यूएसनगर, बागेश्वर में भारी से भारी बारिश का पूर्वानुमान हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 25 तक राज्य में बारिश का दौर इसी तरह से चलने का पूर्वानुमान है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी देहरादून सोनिया ने आंगनबाड़ी के साथ ही 12वीं तक के सभी स्कूलों में मंगलवार को छुट्टी घोषित की है। मुख्य शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को आदेश का शतप्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# अफसर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहे : धामी

## • नदियों के जल स्तर पर नियमित निगरानी बनाए रखें • सीएम ने राज्य आपदा परिचालन केन्द्र का किया औचक निरीक्षण



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को आईटी पार्क देहरादून स्थित राज्य आपदा परिचालन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही बारिश की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को हर समय अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिये कि वे निरन्तर जिलाधिकारियों से समन्वय बना कर रखें। नदियों के जल स्तर पर नियमित निगरानी बनाए रखें।मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा परिचालन केन्द्र से जिलाधिकारी नैनीताल, बागेश्वर, टिहरी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, देहरादून से फोन के माध्यम से वार्ता कर बारिश की स्थिति, सड़कों की स्थिति, विद्युत और पेयजल की उपलब्धता तथा जलभराव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिवृष्टि के कारण यातायात बाधित न हो, सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में उन्हें शीघ्र खुलवाया जाए। जल भराव की स्थिति में निकासी की उचित व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि नदियों के जल स्तर बढ़ने की स्थिति में नदी किनारे एवं अन्य संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिये कि हर जिले की अतिवृष्टि पर निरन्तर नजर बनाए रखें। जिलों के साथ परस्पर समन्वय स्थापित करें, ताकि किसी भी आपातकाल स्थिति से निपटा जा सके। राज्य के विभिन्न संवेदनशील इलाकों, अत्यधिक बारिश एवं आपदा ग्रस्त वाले इलाकों को लेकर भी विशेष नज़र बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा को लेकर किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। रिस्पांस टाईम कम से कम रखने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये।

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में हुई टाटा ट्रस्ट के साथ महत्वपूर्ण बैठक

### –हेल्थ केयर व कौशल विकास के क्षेत्र में टाटा समूह भी करेगा काम



देहरादून। सचिवालय में टाटा ट्रस्ट के साथ बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जानकारी दी है कि उत्तराखण्ड सरकार के साथ मिलकर टाटा ट्रस्ट राज्य में हेल्थ केयर सेक्टर, टेलीमेडिसिन, महिलाओं व बच्चों के कुपोषण से बचाव, युवाओं के कौशल विकास, बालिकाओं की शिक्षा, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, आंगनबाड़ी वर्कर्स के क्षमता विकास व प्रशिक्षण, स्मार्ट कलासेज, ग्रामीण आजीविका, पलायन, वाइब्रेंट विलेज, मानसिक स्वास्थ्य व नशा मुक्ति जैसे क्षेत्रों में कार्य करेगा।मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने टाटा ट्रस्ट के समक्ष उत्तराखण्ड सरकार की प्राथमिकताएं एवं थ्रस्ट एरिया को फोकस करते हुए राज्य में मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर तथा उत्तराखण्ड के युवाओं हेतु राज्य की आवश्यकताओं एवं परिस्थिति के अनुसार मुम्बई सहित देश के विभिन्न स्थानों में टाटा ग्रुप के स्किल डेवलपमेंट इन्सटिट्यूट में कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था करने का आग्रह किया। सीएस रतूड़ी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की विभिन्न क्षेत्रों हेतु योजनाओं की समीक्षा कर गैप एनालाइसिस किया जाए ताकि टाटा ट्रस्ट द्वारा इस गैप फीलिंग के लिए कार्य किया जा सके। उन्होंने टाटा ट्रस्ट द्वारा टेलीमेडिसिन के क्षेत्र में कार्य किए जाने हेतु सहमति पर निर्देश दिए कि इसके लिए सबसे पहले पर्वतीय जनपदों व ब्लॉक को चिहिन्त किया जाए।

इसके साथ ही उत्तराखण्ड के प्रत्येक जनपद के हेल्थ एनालिसिस की बात कही गई जिसके तहत प्रत्येक जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं, बुनियादी चिकित्सा ढांचे, स्टाफ, प्रशिक्षण आदि की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। मैंकेंजी के माध्यम से राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र की काम्प्रीहेन्सिव स्टडी के भी निर्देश दिए गए। टाटा ट्रस्ट द्वारा राज्य में हेल्थ रिकॉर्ड की डिजिटाइजेशन में सहयोग पर सहमति दी गई। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने टाटा ट्रस्ट से राज्य के दूरस्थ स्थानों में रह रही आबादी को आधुनिकतम स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाकर प्राइमरी व सेकेण्डरी हेल्थ केयर सेवाओं की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने महिलाओं व बच्चों को कुपोषण व एनीमिया से बचाने के लिए, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा को मजबूत कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, उच्च शिक्षा के बाद महिलाओं की कार्यबल में हिस्सेदारी बढ़ाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर सीमान्त गांवों से पलायन रोकने हेतु ग्रामीण आजीविका की कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिए।

### साइबर ठगों ने वीडियो कॉल पर सीबीआई बनकर ठगे 7.57 लाख

देहरादून। साइबर ठगों ने वीडियो कॉल पर सीबीआई अफसर बनकर एक व्यक्ति 7.57 लाख रुपये ठग लिए। व्हाट्सएप ऑडियो कॉल और वीडियो कॉल के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया।

मामले में उनकी तहरीर पर डालनवाला थाना पुलिस ने साइबर ठगी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिद्वार, सावन के पहले सोमवार को धर्मनगरी में शिवालयों में भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी। हर–हर महादेव के उद्घोष के बीच श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख–समृद्धि की कामना की। शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में गंगाजल, दूध, दही से जलाभिषेक कर बेलपत्र, चावल व पुष्प से भगवान शिव की पूजा–अर्चना की। सावन के पहले सोमवार को धर्मनगरी के शिवालयों में शिवभक्तों श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी। सूर्योदय के साथ ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लम्बी कतार देखने को मिली। शिवालयों सुबह से ही भोले शंकर की जय के जयकारों से गुंजायमान हो गए।

**तेज बारिश भी नहीं रोक पायी शिवभक्त कांवड़ियों के कदम**

सावन के पहले सोमवार पर सुबह से ही धर्मनगरी में मूसलाधार बारिश होनी शुरू हो गयी। तेज बारिश भी कांवड़ियों के कदमों को नहीं रोक पायी।

## नीट पेपर लीक मामला

# 10 दिनों की सीबीआई रिमांड पर भेजे गए दो सॉलवर समेत तीन आरोपी




पटना ,बिहार की राजधानी पटना से नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को सीबीआई ने 10 दिनों की रिमांड पर ले लिया है। सीबीआई ने एक दिन पहले ही दो सॉल्वर और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया था।जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में सॉल्वर दीपेंद्र शर्मा और कुमार मंगलम विश्नोई और सेटर शशिकांत पासवान को गिरफ्तार किया था। सॉल्वर दीपेंद्र शर्मा और कुमार मंगलम विश्नोई भरतपुर मेडिकल कॉलेज के छात्र हैं, जबकि तीसरा शख्स शशिकांत पासवान, पटना का रहने वाला है।सीबीआई ने तीनों आरोपियों को 10 दिनों की रिमांड पर लिया है। जांच एजेंसी नीट पेपर लीक मामले में उनसे पूछताछ करेगी। सीबीआई को पेपर लीक केस में बड़े सुराग हाथ लगने की उम्मीद है। इससे पहले सीबीआई ने सॉल्वर गैंग से जुड़े पटना एम्स के चार मेडिकल छात्रों को गिरफ्तार किया था। साथ ही रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स की फर्स्ट ईयर की छात्रा सुरभि कुमारी को हिरासत में लिया गया था। छात्रा इस सॉल्वर गैंग की सदस्य बताई जा रही है।

नीट यूजी पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड राकेश रंजन उर्फ रॉकी है। बताया जा रहा है कि उसका पटना और रांची के कई एमबीबीएस छात्रों और डॉक्टरों से संबंध है। बता दें कि नीट–यूजी परीक्षा रद्द करने की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ मामले की सुनवाई करेगी। खंडपीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

### अमृतपाल सिंह के सांसद बनने को हाईकोर्ट में चुनौती, अहम जानकारियां छिपाने का आरोप

चंडीगढ़ ,पंजाब की खडूर साहिब सीट से चुनाव जीत कर सांसद बने खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के सांसद बनने को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

खडूर साहिब से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने वाले विक्रमजीत सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अमृतपाल सिंह पर जानकारी छुपाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

# सावन का पहला सोमवार, बोल बम जयघोष से गूंजे शिवालय

## काशी में श्रद्धालुओं के लिए बिछी रेड कार्पेट



नई दिल्ली ,सावन मास का पहला सोमवार है। शिव भक्तों का तांता सुबह से ही शिवालयों में लगा है। हरिद्वार, बाबा भोले की नगरी वाराणसी हो, महाकाल का उज्जैन या फिर देवघर लोग कतारबद्ध हैं और भोले बाबा का जलाभिषेक कर रहे हैं। मंदिर और शिवालय बोल बम जयघोष से गुंजायमान हैं। आज से कांवड़ यात्रा भी शुरू हो रही है इसे देखते हुए भी तमाम राज्यों में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। हरिद्वार के दक्ष महादेव मंदिर में भक्त हाथों में पूजा की थाली लिए भोले बाबा का जलाभिषेक करने को आतुर दिखे। तो गंगा के किनारे कांवड़िए गंगाजल भर अपने अपने गंतव्य की ओर बढ़ते नजर आए।काशी वासी भी शिव महिमा में डूबे दिखे। प्रातः भव्य मंगल आरती सम्पन्न हुई। काशी विश्वनाथ प्रशासन ने कांवडियों पर पुष्प वर्षा कर मंगलमय यात्रा की कामना की। चप्पे चप्पे पर पुलिस की नजर है।बारह द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अहम स्थान रखने वाले काशी विश्वनाथ मंदिर में सावन के सोमवार के दिन जलाभिषेक का बड़ा ही महत्व होता है । लिहाजा श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ को जलाभिषेक करने को लेकर दूर दराज से वाराणसी पहुंचते हैं और बाबा जलाभिषेक कर अपनी मनोकामनाओं के पूर्ति करते हैं।सावन के सोमवार को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की है श्रद्धालुओं को रेड कार्पेट से मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है तो वहीं भीड़ को देखते हुए जिक जैक रेलिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है। गर्मी को ध्यान में रखकर भी मंदिर प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं के लिए वॉटर कूलर और पंखे का बंदोबस्त किया गया है आज पूरी तरह से स्पर्श दर्शन और वीवीआईपी दर्शन पर भी रोक लगी है ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन करने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

---

तेजःक्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता।
भवन्ति संपदं दैवीमभिजातस्थ भारत॥ (गीता 163)

**श्रेष्ठ पुरूषों की उस शक्ति का नाम तेज है जिसके प्रभाव से उनके सामने विषयासक्त और हीन प्रकृति वाले मनुष्य भी प्रायः अन्यायाचरण से रूककर उनके कथनानुसार श्रेष्ठ कर्मो में प्रवृत हो जाते हैं।**



प्रमुख लोकतंत्र सेनानी, गढ़वाल विश्व विद्यालय के संस्थापक, उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के अग्रणी व जयन्त संस्थापक

# नरेन्द्र उनियाल

(12 मार्च 1952–23 जुलाई 1981)

की 44वीं पुण्यतिथि पर

श्रद्धा के साथ हम सब आपका स्मरण करते हैं और आपके द्वारा दिखाई गई राह तथा आदर्शो पर चलने का संकल्प लेते हैं।

**समस्त जयन्त परिवार**

## संपादकीय

### अनिवार्य नहीं दुकान पर नाम

कावड़ यात्रा के दौरान दुकानों पर नाम अंकित करने की राज्य सरकार के निर्देशों को सुप्रीम कोर्ट में रद्द कर दिया है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा यह आदेश जारी किए गए थे और इन आदेशों को लेकर धर्म की राजनीति करने के आरोप भी तीनों राज्यों की भाजपा सरकार पर लगने लगे थे। तमाम आरोपों के बावजूद भी सरकार इस आदेश को वापस लेने के लिए तैयार नहीं थी उधर मामला जब सोशल मीडिया पर धर्म और सद्भाव को लेकर वायरल होने लगा तो इस संबंध में एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में डाली गई जिसके एवज में सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल इन आदेशों को रद्द कर दिया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि जब राज्य सरकारों द्वारा जारी किए गए आदेशों को भारत के सवोच्च न्यायालय को सामाजिक हितों के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा है। राज्य सरकारों को भी यह मंथन करना होगा कि वह समाज में धर्म और सद्भाव को लेकर किस प्रकार के आदेश जारी करती है और इन आदेशों के पीछे उसका उद्देश्य क्या है? कावड़ यात्रा के समय कुछ प्रकरण ऐसे उत्पन्न हुए थे जिसमें का कांवड़ियों को अशुद्ध भोजन कराया गया था, जिसके बाद धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यूपी,उत्तराखंड एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दुकानों पर दुकान स्वामी एवं कर्मचारियों के नाम अंकित करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि इस मामले में याचिका पर सुनवाई करने के बाद न्यायालय ने अपने नोटिस में भाजपा सरकारों से पूछा है कि इस आदेश का क्या अर्थ है, सरकार ये कैसे तय करेगी की कोई अपनी दुकान पर मालिक या काम करने वाले का नाम लिखे, सिर्फ ये लिखना महत्वपूर्ण है कि यहां पर मांसाहारी खाना मिलता है या शाकाहारी। तय ग्राहक को करना है कि वह क्या चाहता है। इस प्रकरण में एक मुस्लिम वर्ग के अलावा अन्य संगठनों ने भी इस आदेश को तुगलकी फरमान माना और सवाल उठाया गया कि आखिर राज्य देश की जनता पर अपना राजनैतिक एजेंडा कैसे जबरन थोप सकते है, आज जब पूरा देश सबका साथ सबका विकास की नीति पर चल रहा है तो इन परिस्थितियों में धर्म के नाम पर लड़ाने की राजनीति समाज को दो फाड़ कर सकती है। हालांकि इस पूरे प्रकरण का एक दूसरा पहलू यह भी है कि प्रत्येक दुकानदार को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए दुकान के बाहर यह जरूर लिखना चाहिए कि वह किस प्रकार का भोजन परोस रहे है? किसी की भी धार्मिक भावनाएं आहत नही होनी चाहिए और भोजन के प्रकार को लेकर उसका उल्लेख बाहर बोर्ड पर करना नैतिक तथा सामाजिक दृष्टि से भी सही कदम है। अब यह खाने वाले पर निर्भर करता है कि वह किस दुकान पर खाना पसंद करता है, किस पर नही, यह फैसला ग्राहक के विवेक पर छोड़ देना चाहिए।

# श्री नरेन्द्र उनियाल तो आज भी जीवित हैं

### जयन्त पर विशेष



समय साक्षी है कि उत्तराखण्ड के निर्भीक पत्रकार, लो. कनायक, लेखनी के धनी और राष्ट्र भक्त श्री नरेन्द्र उनियाल को इस संसार से विदा हुए लगभग 43 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं लेकिन वे सूक्ष्म में यहाँ की जनता के मन और मस्तिष्क में अभी भी जीवित हैं क्योकि वे अपने जीवनकाल में धरातलीय जीव नहीं रहे। श्री नरेन्द्र को श्री से स्वर्गीय बनने की यात्रा मात्र उन्नतीस वर्ष की थी और इसी उन्नतीस वर्षीय जीवन यात्रा में ये इतने आदर्श स्थापित कर चुके थे, जितने आदर्श एक सामान्य व्यक्ति सौ वर्ष की आयु प्राप्त करके भी प्राप्त नहीं कर सकता है। श्री नरेन्द्र उनियाल का पदार्पण कोटद्वार में अस्सी के दशक में हुआ था। उस युग में यह नगरी पत्र-पत्रिकाओं की नगरी हुआ करती थी।

इनके यहाँ आने से पूर्व कर्मभूमि, सत्यपथ, समृद्व भारत जैसे लोकप्रिय पत्र यहाँ की संस्कृति, राजनीति और समाच. ारो को कोटद्वार से बाहर पहुँचाने के लिए कृत संकल्प थे। तब ये इतने लोकप्रिय थे कि इन समाचार पत्रों को पढ़ने के लिए कोटद्वार ही नहीं उत्तराखण्ड के कोने-कोने में बैठे पाठक भी लालायित रहते थे। उस युग में इस नगर को सम्पादकाचार्य श्री भैरव दत्त धूलिया, सत्यपथ के सम्पादक श्री ललिता प्रसाद नैथानी, वैरिस्टर मुकुन्दीलाल, श्री मधुरशास्त्री, जगमोहन सिंह नेगी, श्री बलदेव सिंह आर्य जैसे यशस्वीजनों का आशीर्वाद प्राप्त होता था। ऐसे समय में अभी-अभी अपनी शिक्षा ग्रहण करने वाले नये-नये शिक्षक बने कोटद्वार के लिए एकदम अपरचित कुंवारे नवयुवक का पत्रकारिता जगत में प्रवेश करना बड़ा आश्चर्यजनक था। उस युग में समाचार पत्रों में बड़ी प्रतिस्पर्धा थी।

इस पर इस नगर में आने वाले अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और प्रादेशिक समाचार पत्रें का पाठकों के मन मस्तिष्क पर छा जाना भी एक बड़ी चुनौती थी, जो कि आज भी बनी हुई है। उस युग में इन पत्र-पत्रिकाओं के सम्पादक और पाठक किसी न किसी राजनैतिक पार्टी के धवजवाहक अवश्य हुआ करते थे। ऐसे में बिना किसी धरातल, विचारधारा तथा अर्थविहीनता की चुनौती को स्वीकार करने वाला वह युवक गढ़वाल की जनता को आश्चर्य चकित करने लगा, जो कि कोटद्वार नगर से ''धधकता पहाड़'' जैसे साप्ताहिक समाचार पत्र का सम्पादन और प्रकाशन कर रहा था। जिसने कि तत्कालीन भ्रष्टाचारियों की नाक में नकेल डाल दी थी। उस समय इस पत्र की भाषा, भाव और विषयों से आकर्षित होकर लोग उस युवक से परिचय बढ़ाने लगे थे। जिसका नाम श्री नरेन्द्र उनियाल था।

श्री नरेन्द्र उनियाल इस समाचार पत्र के सम्पादन और प्रकाशन के पश्चात् अब किसी से अपरचित नहीं रहे। इनके इस नये-नये परिचय का इतना प्रभाव पड़ा कि इनका पत्र सामान्य जनता की आवाज बन गया। इसी आवाज से पहाड़ धधकने लगे, लोगों में जागृति आयी और वे अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों से परिचित हुए तथा पर्वतीय जन मानस दूर-दूर से आकर अपनी समस्याओं को इस लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ और आवाज के समक्ष रखने लगे थे। इससे ''धधकता पहाड़'' साप्ताहिक समाचार पत्र चर्चित हो गया और पर्वतीय जनपदों की जनता इसकी प्रशंसक हो गयी। इसको लोकप्रिय बनाने में श्री नरेन्द्र उनियाल का संघर्ष और शौर्य काम आये और आज जबकि यह समाचार पत्र अस्तित्व में नहीं है फिर भी वह अमर है, इसके एका एक लुप्त हो जाने के पश्चात् गढ़वाल पत्रकारिता जगत के जितने भी इतिहास लिखे गये उनके समाचार पत्र की संघर्षयात्रा और श्री नरेन्द्र उनियाल को सादर उन इतिहासों में स्थान दिया गया था। इस नाते इस इतिहास में श्री नरेन्द्र उनियाल हमारे मध्य में जीवित हैं। श्री नरेन्द्र उनियाल आज भी हमारे मध्य जीवित है। इसका प्रमाण है वर्तमान में भारत का वह राष्ट्रवाद जिसकी अवधारणा एक समय में डॉ0 हेडगेवार ने की थी जो एक लम्बी अवधि से इस देश में फल-फूल रहा है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिसका संवाहक है जिसका 'हिन्दू हिन्दी और हिन्दुस्तान' की अवधाराणा ही मूल मंत्र रहा, भगवा पताका जिसकी राष्ट्रीय पताका है स्वतन्त्रता से पूर्व मानचित्र ही जिसका मानचित्र है और जिसे विश्वास है कि भारत का वर्तमान खण्डित मानचित्र एक न एक दिन अखण्ड भारत के मानचित्र के रूप में अस्तित्व में आयेगा, जहाँ वन्देमातरम् भारत का राष्ट्रगान होगा। जहाँ की शिक्षा पूर्णतः भारत के जनमानस के अनुकूल होगी, जहाँ हर व्यक्ति चरित्रवान होगा, जिसके सनातन धर्म में वे सनातन धर्मी भी स्वीकारेगें जो आतंकवादियों के द्वारा मृत्युभय और लालच देकर विधर्मी बना दिये गये थे। ऐसे ही विचार धारा वाले संगठन के सदस्य ही नहीं परिपोषक थे श्री नरेन्द्र उनियाल। इस विचार धारा से श्री उनियाल कैसे प्रभावित हुए? सम्भवतः इसका उत्तर होगा कि श्री नरेन्द्र उनियाल ने इस राष्ट्रीय विचारधारा के साहित्य का गहनता से अध्ययन किया। संघ के संगठन को और बल प्रदान करने इसके बौद्धिक व्याख्यान सुने, संघ की शाखाओं में गये ये, उन लोगों के सम्पर्क में आये जो कि आर. एस. एस. की विचारधारा के संवाहक थे, इसीलिए ये इस विचारधारा से ओतप्रोत हुये। यद्यपि इनके सद्मित्रों में ऐसे भी लोग थे जो इनकी विचारधारा से अलग कुछ और ही सोचते थे। इनमें से अधिकतर पर गाँधीवाद, मार्क्सवाद जैसी विचार धााराओं का रंग चढ़ा था लेकिन वे श्री उनियाल को अपने पथ से भटका नहीं सके। यही नहीं इनकी इस विचारधाारा से बड़े-बड़े सरकारी अफसर और प्रशासक भी परिचित थे। इसलिए उन्होंने श्री उनियाल जी का नाम मात्र राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पंजिकाओं में ही अंकित नहीं किया था अपितु उच्चाधिकारी इनके राष्ट्रवाद के प्रेम से इतने भयभीत थे कि उन्होंने इनका नाम अपनी-अपनी डायरियों में भी नोट किया हुआ था। श्री नरेन्द्र उनियाल ने अभी अपने जीवन के पच्चीस वर्ष भी नहीं व्यतीत किये होंगे अनेक आन्तरिक कारणों से भारत में आपातकाल घोषित हो गया और लोकतन्त्र की प्रक्रिया में सारा राष्ट्र इसकी परिधि में आ गया। देश में मात्र कांग्रेसियों को छोड़कर अन्य विपक्षी दलों के नेताओं को बन्दी गृहों का अतिथि बना दिया गया। मीडिया का लिखने का अधिकार छीन लिया गया। ऐसे में नरेन्द्र उनियाल जैसे राष्ट्रवादी विचारक कैसे बचते इन्हे भी इन्ही की इच्छा पर जेल भेज दिया गया। इससे इनका पत्र धधकता पहाड़ भी बन्द हो गया और बन्द हो गयी वह पर्वतवाणी जो इससे पूर्व भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठा करती थी। लगभग 19 माह तक बन्दीगृह में रहने के बाद जब ये जेल से बाहर आये तब तक ये अपना बहुत कुछ खो चुके थे। जेल निवास की अवधि में इन्होंने स्वास्थ खोया, पत्र खोया और उन हितैषियों को खो दिया जो इनकी विच. ारधारा के थे। जिनके हृदय में श्री नरेन्द्र उनियाल के समान ही परिस्थितियों की राख में दबी हुई राष्ट्रप्रेम की चिंगारी तब तक जीवित रही जब तक उसने उस दीपक का वरण नहीं कर लिया जो वर्तमान राष्ट्र के शीर्ष सत्ता के रूप में विश्व के अंधो मार्गों को भी प्रकाशित कर रही है श्री नरेन्द्र उनियाल हमारे मध्य में इसी विचारधारा के रूप में अभी भी जीवित हैं। श्री नरेन्द्र उनियाल अब भी जीवित है, इस जयन्त पूर्व साप्ताहिक और वर्तमान में दैनिक समाचार पत्र के रूप में जिसे हम 'धधकता पहाड़' साप्ताहिक का पुनर्जन्म और भस्मांकुर कह सकते हैं। श्री उनियाल ने इसकी परिकल्पना तब ही कर ली थी जब ये कारागार की अभेद्य दीवारों के बीच में उस विचारधारा की पराजय देख रहे थे। जो विचारधारा वर्तमान में पल्लवित और पुष्पित हो रही है लेकिन जैसे अवधारणा है कि पराजय के पश्चात् जय या विजय अवश्य होती है इसलिए तो शब्द सारथियों ने परा के पश्चात् जय शब्द को स्थान देकर पराजितो में भी जय की सम्भावनाएं की हैं। इसी शब्द पर चिन्तन करने के पश्चात् श्री नरेन्द्र उनियाल ने अन्त में जय होगी के भाव से 'जयन्त' शब्दो को केन्द्र में रखकर जेल की दीवारों से बाहर आ 'जयन्त' समाचार पत्र का प्रकाशन किया। वर्तमान में जो उनकी यशोगाथा गा रहा है। इन्होंने अपने दैनिक जीवन में जहाँ इसी नाम से एक प्रिटिंग प्रेस की स्थापना की वही जयन्त के माधयम से ये अपनी राजनैतिक विचारधारा को परिपुष्ट तो कर ही रहे थे समाज के कुछ ज्वलन्त प्रश्नों को उठाते और उनका उत्तर भी ढूढ़ते थे लेकिन दुर्भाग्य से इनका दैनिक शरीर एक लम्बी और असाध्य व्याधि के चपेट में आकर क्षीण होने लगा था। परन्तु आत्म शरीर को प्रतिष्ठा और कीर्ति प्राप्त होने लगी।

इनका दैनिक शरीर ज्यों-ज्यों क्षीण होता आत्मिक शरीर और बलवान तथा ऊर्जास्वित होने लगा था दुर्भाग्य से सांसारिक शरीर समाप्त होने के पश्चात् भी श्री नरेन्द्र उनियाल ने जीवन भर ऐसे ही सद्कार्य किये थे जिन्होंने इनकी ख्याति बढ़ायी थी और ख्याति कभी मरती नहीं है, मृत्यु तो मात्र मर्तिका शरीर की होती है इसीलिए तो मृतक शरीर के मिट्टी में मिल जाने की प्रक्रिया को मृत्यु कहा जाता है परन्तु कीर्तिवान व्यक्तियों की मृत्यु नहीं होती क्योंकि कीर्ति मर्तिका नहीं होती यह सतत्, सनातन शाश्वत और सार्वकालिक होती है यही कीर्ति इतिहास निर्माण की नींव है जो व्यक्ति कीर्तिवन्त होता है। इसी कृति को श्री नरेन्द्र उनियाल ने अपनी दूरदर्शिता विचार, सेवा, त्याग, सहिष्णुता और परा. ेपकार से अर्जित की उसने इन्हे इतिहास पुरूष बना दिया ये राजनीति के भी नायक है तो पत्रकारिता के इतिहास पुरूष भी, ये अनेक आन्दोलनो के आन्दोलनकर्ता थे तो समाज सुधारक भी, इसलिए जब कभी भी उत्तराखण्ड में के इतिहासकार इन सभी विषयों का क्रमबद्ध इतिहास लिखते हैं तो उनके इतिहास में श्री नरेन्द्र उनियाल का नाम भी स्वतः स्थान पा जाता है। वर्तमान में जबकि इस इतिहास पुरूष की 73वीं जयन्ती पर इनके अनुज श्री नागेन्द्र उनियाल पूर्व की भांति इस अवसर पर 'उत्तराखण्डः दशा और दिशा'' का आयाजन कर रहे हैं। ऐसे में उन पर केन्द्रीत इस कृति का नामकरण ऐसे शब्दों के माध्यम से किया जाना चाहिए जिसमें जीवन्तता हो और आमजन श्री नरेन्द्र उनियाल के जीवित होने का अनुभव कर सकें।

हे जीवन्त पुरूश सतत्-सतत् प्रणाम !

**- प्रोफेसर नन्दकिशोर ढौंडियाल 'अरुण' डी० लिट्०**

### स्वर्गीय नरेंद्र उनियाल को उनकी 44वीं पुण्यतिथि पर सस्मरण

## श्रद्धांजलि

कौन राष्ट्र का प्रचेता था, कौन हिमालय लाल था ।
सच पूछो तो एक अकेला, नरेंद्र उनियाल था ।।
जन्म लिया जिसने गढ़ भू में, गढ माटी में खेला था ।
जीवन जिसके लिय हमेशा, संघर्षों का मेला था ।।
शिक्षा ली जिसनें स्वदेश की, क्योंकि स्वदेशी चेला था ।
रहा भाव से दूर अभावों को, जिसने तन झेला था ।।
स्वयं बना तलवार कष्ट हित, और स्वयं में ढाल था ।
ऐसा अनुपम साहस का स्वर, नरेंद्र उनियाल था ।।
पत्रकारिता को जिसने नित, अपना इष्ट बनाया था ।
औरो से कुछ हटकर के ज्यों, नित्य विशिष्ट बनाया था ।।
छोटें बड़े सभी मानव को, ज्यों समदृष्ट बनाया था ।
पत्रकारिता जगत को जिसने, अति आकृष्ट बनाया था ।।
धधकता पहाड़ हृदय में, ऐसा बड़ा कमाल था ।
सम्पादक जयन्त पत्र का, नरेंद्र उनियाल था ।।
जिसकी आंखों में लकीर नहि, द्वेष और नहि रागभरी ।
जेल गया था गाते-गाते, ज्यों कि होलिका फाग भरी ।।
राष्ट्र हितैषी था वह ऐसा, जिसके उर में आग भरी ।
शीतलता थी उसमें इतनी, ज्यों मन गंगा झाग भरी ।।
गढ़वाली था गढ़वाली सा, और स्वयं गढ़वाल था ।
वाकूवीर लेखनी धनी वह, नरेंद्र उनियाल था ।।
सरल सहज नहि कपट केतु था, उसके मन में लहराया ।
जिसने अपने मन मन्दिर में, मात्र तिरंगा फहराया ।।
सारा जीवन शूलों में था, पर मन कुसुमों सा पाया ।
श्रद्धांजलि उस दिव्य पुरुष को जिसने नर तन था पाया ।।
तब भी अब भी पानी भरता, जिसके आगे काल था ।
सच पूछो तो ऐसा मानव, नरेंद्र उनियाल था ।।

श्रद्धावनत

-प्रो. नन्द किशोर ढौंडियाल 'अरुण' डी. लिट.

# नाग अश्विन ने प्रिंस और नरेश अगस्त्य की काली का टीजर जारी किया

युवा नायक प्रिंस और नरेश अगस्त्य अभिनीत फिल्म काली का टीजऱ ब्लॉकबस्टर निर्देशक नाग अश्विन द्वारा जारी किया गया है। प्रसिद्ध कहानीकार के. राघवेंद्र रेड्डी के मार्गदर्शन में रुद्र क्रिएशन द्वारा निर्मित और शिवा सेशु द्वारा निर्देशित काली एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म वर्तमान में पोस्ट-प्रोडक्शन के दौर से गुजर रही है और जल्द ही एक भव्य नाट्य रिलीज़ के लिए तैयार है।




नाग अश्विन ने टीज़र की प्रशंसा करते हुए इसे दिलचस्प और प्रभावशाली बताया और निर्देशक शिवा सेशु द्वारा तेलुगु दर्शकों के लिए एक नई अवधारणा पेश करने पर प्रकाश डाला। उन्होंने काली की पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएँ दीं। फिल्म के प्रस्तुतकर्ता के. राघवेंद्र रेड्डी ने टीजर रिलीज करने पर अपनी खुशी जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि काली एक दिलचस्प मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है जो काली के चरित्र पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है और जल्द ही दर्शकों के सामने फिल्म लाने का वादा किया। निर्माता लीला गौतम वर्मा ने नाग अश्विन को उनके व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टीजर लॉन्च करने के लिए समय निकालने के लिए धन्यवाद दिया। लेखक और निर्देशक शिवा सेशु ने काली को पौराणिक कथाओं और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर शैलियों के तत्वों को मिलाकर एक नई कहानी वाली फिल्म बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि काली दर्शकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगी और उन्होंने एक भव्य नाट्य विमोचन की योजना की घोषणा की।

### एशिया कप में भारतीय महिला टीम का आखिरी ग्रुप मैच

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशिया कप-2024 के अपने आखिरी ग्रुप मैच में मंगलवार को नेपाल की टीम का सामना करेगी। टीम इंडिया ने अभी तक दो मैच खेले हैं और दोनों में उसन जीत हासिल की है।

भारत ने पहले पाकिस्तान को मात दी थी। इसके बाद यूएई को बुरी तरह से हरा सेमीफाइनल में जगह बना ली है। तीसरे मैच में उसके सामने अपने जीत के क्रम को बरकरार रखने की चुनौती है। भारत के दो मैचों में दो जीत के साथ चार अंक हैं। वहीं नेपाल के पास दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक हैं।

मंगलवार को ही यूएई और पाकिस्तान की टीमें भी आमने-सामने होंगी। नेपाल और पाकिस्तान के समान अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट के मामले में पाकिस्तान आगे है।

# हार्दिक पांड्या ने सिर्फ खराब फिटनेस के कारण ही नहीं गंवाई कप्तानी

नई दिल्ली। 3 टी20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज के लिए सोमवार को भारतीय टीम के श्रीलंका रवाना होने से पहले नए हेड कोच गौतम गंभीर ने चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान दोनों ही दिग्गजों ने कई सवालों के जवाब दिए। मुख्य चयनकर्ता अगरकर ने बताया कि आखिर क्यों सूर्यकुमार यादव को टी20 इंटरनेशनल का कप्तान नियुक्त किया गया। स्काई को हार्दिक पांड्या से पहले तरजीह क्यों दी गई।




हार्दिक हमारी टीम के अहम खिलाड़ी अगरकर ने कहा, "कप्तान वह होना चाहिए जो ज्यादा से ज्यादा मैच खेला हो, इसलिए सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया गया। जहां तक हार्दिक पांड्या की बात है वो हमारी टीम के अहम खिलाड़ी हैं। उनकी फिटनेस एक समस्या रही है। हम चाहते हैं कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। हम चाहते हैं कि वह अच्छा करें। सूर्यकुमार के पास कप्तानी के लिए जरूरी काबिलियत थी।" हालांकि, सिर्फ फिटनेस ही नहीं कप्तानी के आंकड़ों पर भी नजर डालें तो सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड हार्दिक पांड्या से बेहतर है।

**बतौर कप्तान हार्दिक और सूर्या के आंकड़े**

हार्दिक पांड्या ने 16 टी20 इंटरनेशनल मुकाबलों में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। इस दौरान टीम को 10 में जीत मिली थी और 5 में हार का सामना भी करना पड़ा था। 1 मैच टाई भी रहा था। हार्दिक का टी20 इंटरनेशनल में बतौर कप्तान विनिंग प्रतिशत 62.50 है।

# बैड न्यूज के आते ही सरफिरा हुई पस्त, 8वें दिन लाखों में सिमट गई अक्षय कुमार की फिल्म की कमाई

अक्षय कुमार स्टारर सरफिरा साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक थी. फिल्म के ट्रेलर के बाद से ही इसे लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट थी अच्छे बज के बीच ये फिल्म पिछले शुक्रवार यानी 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. दर्शकों और क्रिटिक्स से समान रूप से पॉजिटिव रिव्यू मिलने के बावजूद, फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में फेल साबित हुई है. फिल्म की बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट बेहद निराशाजनक है. चलिए यहां जानते हैं सरफिरा ने रिलीज के 8वें दिन कितना कलेक्शन किया है?पिछले काफी समय से बॉक्स ऑफिस पर असफलता का मुंह देख रहे खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार की सरफिरा ने भी बेहद निराश किया है. फिल्म को लेकर काफी उम्मीदें थीं हालांकि सिनेमाघरों में पहुंचने के बाद ये दर्शकों की कसौट पर खरी नहीं उतर पाई और इसी के साथ फिल्म कमाई के मामले में भी पिछड़ गई. सरफिरा को रिलीज हुए महज आठ दिन हुए हैं और इसका बॉक्स ऑफिस से पत्ता साफ होता हुआ नजर आ रहा है.फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने रिलीज के पहले दिन 2.5 करोड़ से खाता खोला था. दूसरे दिन सरफिरा ने 4.25 करोड़ की कमाई की थी. तीसरे दिन 5.25 करोड़, चौथे दिन 1.45 करोड़, पांचवें दिन 1.95 करोड़, छठे दिन 2.15 करोड़ और सातवें दिन 1.2 करोड़ की कमाई की. इसी के बाद सरफिरा ने पहले हफ्ते में 18.75 करोड़ का कलेक्शन किया वहीं अब ये फिल्म दूसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है और इसके दूसरे शुक्रवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक सरफिरा ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे फ्राइडे महज 40 लाख रुपये कमाए. इसी के साथ सरफिरा का आठ दिनों का कुल कलेक्शन अब 19.15 करोड़ रुपये हो गया है.

### विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा से जुड़े सरथकुमार, निर्माताओं ने उठाया किरदार से पर्दा

तेलुगु अभिनेता विष्णु मांचू अपनी आगामी फिल्म कन्नप्पा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। कान फिल्म फेस्टिवल में प्रतिष्ठित प्रदर्शन के बाद इस फिल्म ने दर्शकों का और ज्यादा ध्यान आकर्षित किया है। बीते दिन फिल्म का टीजर जारी हुआ जिसे समीक्षकों समेत दर्शकों ने भी काफी सराहा। वहीं, अब फिल्म की स्टारकास्ट में अभिनेता सरथकुमार का नाम जुड़ गया है। निर्माताओं ने अभिनेता के जन्मदिन के अवसर पर फिल्म से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया। फिल्म कन्नप्पा में सरथकुमार नाथनधुडु की भूमिका निभाएंगे। पोस्टर में अभिनेता को एक आदिवासी योद्धा के रूप में दिखाया गया है, जो दोनों हाथों में दो तलवारें लिए हुए है और तेज आवाज में चिल्लाता हुआ दिखाई दे रहा है। शक्तिशाली और दिलचस्प पोस्टर से पता चलता है कि सरथकुमार विष्णु मांचू के साथ एक दिलचस्प किरदार निभाएंगे।

# नए तेवर और नए क्लेवर के साथ लंका फतेह करने पहुंची भारतीय टीम

नई दिल्ली। नए हेड कोच गौतम गंभीर और टी20 के नए कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व वाली भारतीय टीम श्रीलंका पहुंच चुकी है। लंका दौरे पर दोनों टीमों के बीच पहले 3 टी20 और फिर 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। सोमवार सुबह 10 बजे से नए हेड कोच गौतम गंभीर ने चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसके बाद टीम इंडिया ने श्रीलंका के लिए उड़ान भरी। अब भारत की टी20 टीम कोलंबो पहुंच चुकी है। कड़ी सुरक्षा के बीच भारतीय टीम एयरपोर्ट से बाहर निकली और होटल के लिए रवाना हुई।

सोशल मीडिया पर भारतीय टीम की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में हेड कोच गौतम गंभीर के अलावा टी20 के कप्तान सूर्यकुमार यादव, रवि बिश्नोई, रियान पराग, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह नजर आ रहे हैं। भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई से टी20 सीरीज की शुरुआत होगी। इसके बाद 2 अगस्त से दोनों टीमों के बीच



वनडे सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज से विराट कोहली और रोहित शर्मा वापसी करेंगे। टी20 विश्व कप 2024 के बाद कई प्लेयर्स को आराम दिया गया था। इस बीच युवा भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे का दौरा किया था।

**टी20 सीरीज का शेड्यूल**

पहला टी20: 27 जुलाई
दूसरा टी20: 28 जुलाई
तीसरा टी20: 30 जुलाई

वनडे सीरीज का शेड्यूल

पहला वनडेः 2 अगस्त
दूसरा वनडेः 4 अगस्त
तीसर वनडेः 7 अगस्त

**टी20 सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड**

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज।

**वनडे सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

## एक नजर

### अभाविप ने किया पौधा रोपण, दिया संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कोटद्वार इकाई ने सोमवार को भाबर क्षेत्र के मवाकोट स्थित जगदेव बाबा मंदिर परिसर में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री अभिषेक बड़थ्वाल ने कहा कि हरेला पर्व के अवसर पर परिषद द्वारा पूरे प्रांत में पौधा रोपण अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में जगदेव बाबा मंदिर परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया जा रहा है। बताया कि मंदिर परिसर में अशोक, अमलतास, जामुन इत्यादि के लगभग 60 पौधों का रोपण किया गया। इस मौक पर जिला संयोजक आयुष त्रिपाठी, नगर मंत्री विकास कुमार, अनिकेत दुगलचा, अमित काला, रितिक गुसाईं, प्रियांशु भट्ट और सूरज नेगी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गैस गोदाम के लिए जल्द भूमि चयनित की जाएं

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** कांग्रेस ने शहर में इंडेन गैस गोदाम के लिए जल्द ही भूमि चयनित करने, शहर में पूर्व में स्थित गैस गोदाम को नगर पालिका को हस्तांतरित करते हुए यहां पर 4 मंजिला पार्किंग का निर्माण करने की भी मांग उठाई है। मांग को लेकर कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया है।

सोमवार को ज्ञापन देते हुए कांग्रेसियों ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व शहर में स्थित इंडेन गैस गोदाम को संचालन की अनुमति नहीं मिल पाई। जिससे शहरवासियों को पाबौ व कोट से गैस की आपूर्ति की जा रही है। कांग्रेसियों ने जल्द ही समस्या के हल के लिए राजस्व विभाग को भूमि का चयन करने और जल्द भूमि का चयन करते हुए गढ़वाल मंडल को गैस गोदाम निर्माण करवाने के आदेश देने की मांग की। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, शिवप्रसाद रतूड़ी, राहत हुसैन, सुमंत नेगी, जगमोहन नेगी, भरत सिंह रावत, यशोदा नेगी, मोहित सिंह, मुकुल कुमार, विरेंद्र सिंह रावत, विनोद आदि मौजूद रहे।

### निबंध में दीपा, संजना, संगीता अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में नमामि गंगे के तत्वावधान में सोमवार को हरेला पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दीपा रावत ने पहला, संजना ने दूसरा व संगीता ने तीसरा स्थान हासिल किया। लोकपर्व हरेला का महत्व विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कक्ष निरीक्षक डा. सुधीर सिंह रावत, डा. विकास प्रताप सिंह, मूल्यांकनकर्ता डा. अजय कुमार, प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल, नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डा. विवेक रावत आदि शामिल रहे।

### शिवालयों में लगा भक्तों का तांता, दूध-जल से किया अभिषेक

श्रीनगर गढ़वाल : सावन के पहले सोमवार को सुबह से ही नगर क्षेत्र के शिवालयों में जल चढ़ाने को लेकर भक्तों की लाईन लगी दिखी। कमलेश्वर महादेव मंदिर, नागेश्वर महादेव मंदिर, कटकेश्वर महादेव और किलकिलेश्वर महादेव मंदिर में दूध, जल और बेल पत्र के साथ जलाभिषेक करने के लिये शिव भक्तों का तांता दोपहर तक जारी रहा।

बारिश के बावजूद भी भक्त अपने घरों से निकलकर शिव मंदिरों में दूर-दराज से श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचे।

# हर पग पर खतरा, जिंदगी पर भारी न पड़ जाएं एनएच का सफर

- दुगड्डा- कोटद्वार के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार गिर रहे बोल्डर
- सोमवार को हुई बारिश के दौरान मलबा व बोल्डर आने से बंद रहा एनएच


कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य दुर्गा माता मंदिर के समीप पहाड़ी से आया भारी मलबा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : यदि आप कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर करने की सोच रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं। दरअसल, वर्षाकाल में पहाड़ी से राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर रहे बोल्डर कब आपकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। सोमवार को भी दुर्गा माता मंदिर के समीप बोल्डर व मलबा आने से राष्ट्रीय राजमार्ग घंटों बंद रहा। साथ ही जगह-जगह पहाड़ी से पत्थर भी गिर रहे थे। कोटद्वार को गढ़वाल का प्रवेश द्वार कहा जाता है। लेकिन, इन दिनों शहर से पहाड़ के लिए जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का सफर वाहन चालकों को डरा रहा है। कोटद्वार दुगड्डा के मध्य 15 किलोमीटर के सफर में करीब 20 से अधिक डेंजर जोन बने हुए हैं। इन्हीं डेंजर जोन पर पहाड़ी से लगातार मलबा व बोल्डर गिर रहे हैं। सोमवार सुबह दुर्गा माता मंदिर के समीप पहाड़ी से भारी बोल्डर व मलबा आ गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने वाहनों को दुगड्डा व कोटद्वार सिद्धबली के समीप रोक दिया था। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने मलबा हटाकर यातायात शुरू करवाया। उक्त स्थान पर कुछ दिन पूर्व पहाड़ी से भारी मलबा व बोल्डर गिर गया था। साथ ही सड़क का आधा हिस्सा भी खोह नदी में समा गया था।

डेंजर जोन में तब्दील इसी स्थान पर लगातार बोल्डर गिर रहे हैं। वर्षा बंद होने के बाद भी पहाड़ी से पत्थर गिरने का भय बना हुआ है। ऐसे में सबसे अधिक खतरा दोपहिया वाहन चालकों को बना हुआ है। वहीं, राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरी चिकनी मिट्टी से वाहनों के फिसलने का भी खतरा बना हुआ है। ऐसे में इन मार्ग पर सफर न करना ही समझदारी है।

# पर्यावरण मित्रों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पर्यावरण मित्रों ने शहर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति स्थापना की मांग को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। पर्यावरण मित्रों का कहना है कि काफी समय से मूर्ति स्थापना की मांग कर रहे है, लेकिन उनकी मांग को अनदेखा किया जा रहा है, जिस कारण उन्हें हड़ताल करनी पड़ी। शहर में महर्षि वाल्मीकि मूर्ति स्थापना की मांग पूरी न होने से उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संगठन और वाल्मीकि समाज में आक्रोश है। कहा कि पूर्व में पालिका प्रशासन को सूचित करने के बाद भी उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। इस मौके पर राहुल टांक, राजू रेडियान, गणेश, विक्रम, मुकेश ढींगिया, संजीव, रीना देवी, दीपा, विपिन रानी, गौरीदेवी, रीता देवी आदि शामिल रहे।

# वर्षाकाल में शहर की सड़कें बन रही तालाब


सोमवार को हुई वर्षा के दौरान कोटद्वार में पुराना सिद्धबली मार्ग पर हुआ जलभराव

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** वर्षाकाल में शहर की सड़के तालाब के रूप में तब्दील हो रही है। जगह-जगह जलभराव होने के कारण आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है। बारिश ने निगम की ओर से शहर में नालियों की सफाई के दावों की पोल खोलकर रख दी है।

नगर निगम वर्षा से पूर्व नालियों की सफाई करवाने के दावे कर रहा था। लेकिन, वर्षा ने निगम के इन दावों की पोल खोलकर रख दी। सोमवार को हुई बारिश से शहर की सड़के तालाब बन गई। देवी रोड, मानपुर, पुराना सिद्धबली मार्ग सहित अन्य स्थानों पर घुटने-घुटने तक पानी भरा हुआ था। वर्षा थमने के बाद भी सड़कों की वही स्थिति नजर आई। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को आवाजाही करने में उठानी पड़ी। वाहन चालक तो किसी तरह निकल जा रहे थे। लेकिन, पैदल चलना एक चुनौती बन रही थी। शहरवासी सुभाष रावत, अमनदीप ध्यानी ने बताया कि वर्षाकाल से पूर्व शहर में नालियों की सफाई करवाई जाती है। लेकिन, नगर निगम ने केवल मुख्य क्षेत्रों में ही नालियों की सफाई करवाई है। जबकि, कई स्थानों पर अब भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। जगह-जगह पानी जमा होने से लोगों को संक्रामक बीमारियों का भी खतरा सताने लगा है। जबकि, वर्षाकाल में डेंगू भी अपने पैर पसारने लगता है।

# लायन्स क्लब ने वितरित किए सीड बॉल


सीड बॉल वितरण कार्यक्रम चलाते क्लब के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लायन्स क्लब डिगनिटी की ओर से आमजन को सीड बॉल वितरित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान सीड बॉल को फेंकने का तरीका भी बताया गया।

सदस्यों ने कौडिया चेक पोस्ट से गुजरने वाले सार्वजनिक वाहनों में बैठे लोगों को सीड बॉल वितरित किए। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। कहा कि सीड बॉल के माध्यम से हम कई पेड़ उगा सकते हैं। इसे बस जंगल में फेका जाता है, जिसके बाद यह स्वयं ही पेड़ का आकार लेने लगता है। यह नीम, जामुन व आंवले के बीज से तैयार किया गया है। सीड बॉल तैयार करने में नवयुग पब्लिक स्कूल मोटाढांक के विद्यार्थियों व प्रधानाचार्य नीलम नेगी का महत्वपूर्ण योगदान था। इस दौरान क्लब ने पुलिस कर्मियों व जरूरतमंदों को छाते भी वितरित किए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव, क्लब के अध्यक्ष राजेश बत्रा, सचिव राहित बत्रा, कोषाध्यक्ष राजेश फूल, हुकुम सिंह नेगी, आशीष अग्रवाल, हितेश गोयल, अरविंद बंसल आदि मौजूद रहे।

# पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सिविल जज जूनियर डिवीजन सोनिया द्वारा पौधा रोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण की शुद्धता के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना होगा। कहा कि छात्र जीवन से ही हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए। इससे विश्व में जल, जंगल, जमीन के बढ़ते हुए खतरों को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर चित्रकला व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को सिविल जज द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ब्रिजेन्द्र नेगी, प्रकाश टम्टा और प्राधिकरण स्वयं सेवक दीपक रावत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में पौधा रोपण करते सदस्य

# शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, दिन भर चला अभिषेक और पूजन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव के पूजन के लिए शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भोलेबाबा की विशेष-पूजा अर्चना की। शिवजी का अभिषेक करने श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पहुंचने लगे थे। भक्तों ने भोलेनाथ को बेलपत्र, धतूरा, फूल आदि अर्पित किए। दुग्धाभिषेक भी किया।

सावन के पहले सोमवार को विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। बारिश के बाद भी श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई और सुबह से शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा।

सोमवार से सावन का पर्व शुरू हो गया। सावन के पहले सोमवार को शहर के क्यूंकालेश्वर, लक्ष्मीनारायण मंदिर के साथ ही गगवाडस्यूं घाटी के प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री देवलेश्वर महादेव मंदिर, कल्जीखाल के थानेश्वर मंदिर में बारिश के बाद भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने शिवालय में जलाभिषेक कर सुख और शांति की कामना मांगी।

### शिव मंदिरों में भक्तों ने किए भजन-कीर्तन

सतपुली : सावन के पहले सोमवार को नगर पंचायत सतपुली के शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ लगी रही। मंदिर में पूजन-अर्चना और दर्शनों के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा है। यहां पर श्रद्धालुओं ने शिवजी का अभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना की। क्षेत्र के दंगलेश्वर महादेव, नौगांव कमन्दा, एकेश्वर महादेव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। दंगलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने पास ही बह रही मधुगंगा में स्नान ध्यान कर पौराणिक सिद्ध शिला पर जलाभिषेक किया।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**जिला न्यायालय परिसर, पौड़ी गढ़वाल**

दूरभाष संख्या 01368-221815 dlsapauri@gmail.com

**विज्ञप्ति**

**विज्ञप्ति संख्या 02/जि.वि.से.प्रा. पौड़ी/2024-25 दिनांक:-22/07/2024**

माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पत्रांक संख्या 1154/यू0के0एस0एल0एस0ए0/2023-24 दिनांकित 20 जून 2024 के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल में संचालित लीगल एड डिफेन्स काउन्सल सिस्टम के कार्यालय हेतु एक (01) पद (अस्थायी) Assistant Legal Aid Defense Counsel का भरा जाना है, जिसके लिये दिनांक 22.04.2024 से दिनांक 30.07.2024 तक आवेदन पत्र आदि जिला न्यायालय पौड़ी गढ़वाल की वेबसाईट https://paurigarhwal.dcourts.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

सिविल जज (सी0डि0)/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
पौड़ी गढ़वाल।

# भक्तों के सभी दुःख हर लेते हैं भगवान शंकर: आचार्य लखेड़ा


भाबर क्षेत्र में आयोजित शिव महापुराण के दौरान कथा का वाचन करते आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने कहा कि भगवान शिव अपने भक्तों के समस्त दुःख हर लेते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सच्चे मन से भोलेनाथ की पूजा व आराधना करनी चाहिए। भगवान शिव का जलाभिषेक करने मात्र से ही जीवन का कल्याण हो जाता है। कलालघाटी एमकेवीएन स्कूल परिसर में स्थित शिव-राम मंदिर में शिव महापुराण कथा का वाचन करते हुए आचार्य लखेड़ा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिया है। यह समय शिव की भक्ति और साधना का सबसे उत्तम समय है। कहा कि भगवान शिव सभी को एक समान देखते हैं। इसलिए उन्हें महादेव के नाम से जाना जाता है। एक मात्र भगवान शिव ही ऐसे देव हैं जिनकी हर कोई पूजा करता है। चाहे वह इंसान हो, राक्षस हो, भूत-प्रेत अथवा देवता हो। कहा कि सावन माह से भगवान शिव की कथा का श्रवण करना सबसे अधिक कल्याणकारी है। इससे पूर्व क्षेत्रवासियों ने कलश यात्रा निकालकर मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक भी किया। इस मौके पर मयंक प्रकाश कोठारी, सिंधु कोठारी, विपिन जदली, आरती कंडवाल, पुष्पा केष्टवाल, नितिश कुमार, पुष्कर कुमार, राजेंद्र कुमार, ऋतु,ज्योति, अनीता नेगी, अनुप्रिया शर्मा, प्रीता रावत, प. देवेंद्र बलूनी आदि मौजूद रहे।

### शिवालयों में उमड़ी भीड़

सोमवार से सावन का माह प्रारंभ हो गया है। सावन में भोलेनाथ की भक्ति को लेकर भक्तों में काफी उत्साह बना हुआ था। सुबह से ही हो रही वर्षा के बाद भी भक्त देवालयों में पहुंच शिवालय में जलाभिषेक कर रहे थे।

मंदिरों में विशेष अनुष्ठानों का भी आयोजन किया गया। क्षेत्र के देवी मंदिर, घराट मंदिर, बालाजी मंदिर, सिद्धबली मंदिर सहित अन्य देवालयों में सुबह से ही भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंच रहे थे। जलाभिषेक के लिए लंबी कतारों में खड़े भक्त बाबा के जयकारे भी लगा रहे थे।

**कार्यालय प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत**
**घोटा तल्ला विकास खण्ड दुगड्डा, पौड़ी गढ़वाल**

**दिनांक 22/07/2024**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के मोहरबन्द निविदायें राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी वर्गीकृत श्रेणी के अनुसार दिनांक 30/07/2024 के प्रातः 11:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो कि अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा उसी दिन प्रातः 11:00 बजे तक उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी। G.S.T का भुगतान ठेकेदार के द्वारा ही किया जायेगा निविदा प्रपत्र तथा अन्य जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 23/07/2024 से 30/07/2024 तक निर्धारित शुल्क जमा कर कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | लागत | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घोटा तल्ला में पंचायत भवन निर्माण | 1000000 | 30000 | 1000 रू. +GST | 6 माह | |

**कार्यालय प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत घोटा तल्ला, वि0ख0 दुगड्डा,**
**पौड़ी गढ़वाल**

# शिव पुराण के श्रवण से ही कल्याण और मुक्ति की प्राप्ति संभव


थलीसैंण शिव मन्दिर में शिव महापुराण कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु।

**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** थलीसैंण शिव मन्दिर में चल रही शिव महापुराण कथा के छठवें दिन कथावाचक आचार्य कमलेश चंद्र जोशी ने कहा कि शिव का अर्थ ही कल्याण है। प्राणी मात्र के लिए कल्याण और मुक्ति की प्राप्ति शिव पुराण के श्रवण से ही संभव है। शिव पुराण के श्रवण से भक्ति, भक्ति से प्रेम, प्रेम से सद्भाव और सद्भाव से भेदभाव मुक्त समाज का सृजन होता है। अज्ञान, अहंकार और समाज में व्याप्त पाश्विक प्रवृत्तियों का नाश करने के लिए शिव पुराण जैसे ग्रंथों का मनन और मंथन जरूरी है।

सोमवार को कथावाचक आचार्य कमलेश चंद्र जोशी ने भक्तों को शिव प्राप्ति हेतु माता सती द्वारा तप, शिव को पति रूप में प्राप्ति, दक्ष द्वारा शिव अपमान, सती द्वारा योगाग्नि से शरीर भस्म तथा पतिव्रत धर्म निरूपल पुनः शिव तत्व विवेचन द्वारा जीव मोक्ष के बारे में भक्तों को शिव पुराण कथा सुनाई। श्रावण मास का प्रथम सोमवार को गांवों से सुबह से भक्तों का मंदिर में आने का सिलसिला लगा रहा। इस अवसर पर मुकेश पांडे, दीपक जोशी, हेमचंद्र, धीरज कनवाल, पंकज पंत आदि मौजूद रहे।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0 व ई0एस0आई0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 08.08.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के कार्यालय से दिनांक 07.08.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी सहित) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 03/2024-25 | रू0 295/- | वि0वि0 खण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत स्यूँसी अनुभाग में जीर्ण-शीर्ण विद्युत पोलों को बदलने का कार्य। | 20000.00 |
| 04/2024-25 | रू0 295/- | वि0वि0 खण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत रिखणीखाल अनुभाग में जीर्ण-शीर्ण विद्युत पोलों को बदलने का कार्य। | 20000.00 |
| 05/2024-25 | रू0 295/- | वि0वि0 खण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत धुमाकोट अनुभाग में जीर्ण-शीर्ण विद्युत पोलों को बदलने एवं लम्बे स्पानों के मध्य पोल लगाने जाने का कार्य। | 20000.00 |

पत्रांक : 264/विविखनै/टी-6
दिनांक : 22.07.2024

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**जिला न्यायालय परिसर, पौड़ी गढ़वाल**

दूरभाष संख्या 01368-221815 dlsapauri@gmail.com

**विज्ञप्ति**

**विज्ञप्ति संख्या 03/जि.वि.से.प्रा. पौड़ी/2024-25 दिनांक:-22/07/2024**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस काउन्सल सिस्टम (LADCS) के कार्यालय हेतु मा0 उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पत्रांक संख्या 1154/यू0के0एस0एल0एस0ए0/2023-24 दिनांकित 20 जून 2024 के अनुक्रम में संविदा पर भर्ती की जानी है-

**पद का विवरण**

| क्र. सं. | पदनाम | पदों की संख्या | मानदेय (मासिक) | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Office Assistant | 01 | 20,000/- | स्नातक |

इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियों द्वारा अपना पूर्ण रूप से भरा आवेदन पत्र समस्त वांछित अर्हताओं के स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ अपना पूर्ण पता लिखे, जिस पर 42 रूपये का डाक टिकट चस्पा किया हो, एक लिफाफे के साथ कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर पौड़ी गढ़वाल में भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 30.07.2024 की सांय 05.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर दिया जा सकता है। तत्श्चात् किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

आवेदन पत्र जनपद न्यायालय, पौड़ी गढ़वाल की उक्त ऑफिसियल वेबसाईट https://paurigarhwal.dcourts.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

नोट -

1- चयन सम्बन्धी समस्त सूचना जनपद न्यायालय, पौड़ी गढ़वाल की उक्त ऑफिसियल वेबसाईट के माध्यम से दी जाएगी।

2- Office Assistant हेतु आशुलिपिक, टाईपिंग कौशल तथा कम्प्यूटर ज्ञान वाले को वरीयता दी जायेगी।

**सिविल जज (सी0डि0)/सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**पौड़ी गढ़वाल।**

## एक नजर

### सीपीएम दमखम से लड़ेगी केदारनाथ विस उपचुनाव

रुद्रप्रयाग : भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (मार्कसवादी) ने सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इस दौरान किसानों की समस्याओं, क्षेत्रीय समस्याओं, केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव सहित अन्य जन मुद्दों पर चर्चा की गई। फाटा-ब्यूंग में प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला सचिव मंडल के सदस्य दौलत सिंह रावत की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य वक्ता पार्टी के राज्य सचिव राजेंद्र सिंह नेगी व राज्य सचिव मंडल सदस्य गंगाधर नौटियाल ने कहा कि कम्युनिष्ट पार्टी की स्थापना 1920 में ताशकंद में हुई थी। वर्ष 1925 में पार्टी का पहला अधिवेशन हुआ था। कहा कि पार्टी ने देश की आजादी के आंदोलन में बढ़चढ़कर शिरकत की। कहा कि पार्टी का उद्देश्य देश में जनवादी क्रांति कर मजदूर किसानों का राज्य स्थापित करना है। इसके पश्चात पार्टी की जिला कमेटी की हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव पूरे दम खम के साथ लड़ेगी। साथ ही उप चुनाव की तैयारी के लिए जनपद के सभी शाखाओं में बैठकर करेगी। इस मौके पर पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य राजाराम सेमवाल व जिला मंत्री वीरेंद्र गोस्वामी कार्यकर्ताओं को उपचुनाव, नगर निकाय और त्रिस्तीय चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने की अपील की है। इस मौके पर जय सिंह नेगी, अषाड़ सिंह धिरवाण, मदन सिंह रावत, सतवीर रावत, दयाल सिह, बलवंत लाल समेत अन्य मौजूद थे। (एजेंसी)

### कांग्रेस गरीबों को मुख्यधारा से जोड़ने में रहती है आगे

नई टिहरी : महिला कांग्रेस की ओर से सावन के प्रथम सोमवार को जिला मुख्यालय के बौराड़ी बाजार में भंडारा आयोजित कर जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। साथ ही स्थानीय व्यवसायियों और लोगों को प्रसाद बांटा गया। सोमवार को महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भंडारा आयोजित किया। उन्होंने कहा कि सावन माह में इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिए। कांग्रेस पार्टी गरीब, शोषित और दमितों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हमेशा आगे रहती है। इस मौके पर मनोज उनियाल, देवांक चमोली, तनिष्क रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### श्रावण के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

नई टिहरी : श्रावण के पहले सोमवार को जनपद के शिवालयों में जमकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। तड़के सुबह से ही मंदिरों में शिवभक्तों ने जुटना शुरू किया। शिवालयों में शिव भजनों के साथ घंटों की आवाजें सुबह से गुंजने लगी। श्रावण के पहले सोमवार को सुबह से निरंतर हो रही बारिश के बीच शिवभक्त तन्यमता से शिव आराधना में जुटे नजर आये। दर्शन के लिए सजे शिवालयों में शिवभक्तों ने शिवलिंग पर दूध, भांग, धतूरे व बेल पत्र चढ़ाकर जलाभिषेक किया। इस मौके पर शिवभक्तों ने शिवस्त्रोत व महामृत्यंजय जप का पाठ भी किया। जिला मुख्यालय के त्रिदेव व सतेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ जुटने शुरू हो गई थी। लंबी-लंबी कतारों में लगकर श्रद्धालुओं ने शिवपूजन के लिए अपनी बारी का इंतजार किया। इसी प्रकार जनपद के देवलसारी, कोटेश्वर मंदिर, बगासू महादेव, कुंजेश्वर महादेव, चंद्रेश्वर महादेव मंदिरों में भी सुबह से शिवभक्तों का तांता लगा रहा। शिवभक्तों ने शिव स्तुति कर जमकर शिव आराधना की। शिवभक्तों ने सुख–समृद्धि व कष्ट हरण की कामना भी की। (एजेंसी)

### जिला अस्पताल के पीएमएस बने डॉ. वीएस चौहान

देहरादून। जिला अस्पताल (कोरोनेशन एवं गांधी अस्पताल) के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक बदल गए हैं। डॉ. एनएस तोमर के निदेशक बनने के बाद अब अस्पताल में ही कार्यरत वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. वीएस चौहान को पीएमएस बनाया गया है। वरिष्ठता के आधार पर उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है। सोमवार को अस्पताल के डॉक्टरों ने डॉ. तोमर को विदाई एवं डॉ. चौहान का स्वागत किया।

### बीओआई का समझौता दिवस 26 को

देहरादून। बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) 26 जुलाई को सभी शाखाओं में एक मुश्त समझौता के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों के निपटारे के लिए समझौता दिवस आयोजित करेगा। उप आंचलिक प्रबंधक देहरादून अंचल बीके शर्मा ने बताया कि यह विशेष रूप से उन एनपीएस उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो व्यवसाय, चिकित्सा की स्थिति में या किसी अन्य वास्तविक कारण से ऋण नहीं चुका पाए।

# यूसीसी को विधिवत लागू करने से पूर्व सभी पहलुओं का गहनता एवं सजगता से अध्ययन करें : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी) लागू करने की तैयारियों के संबंध में सचिवालय में बैठक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में यूसीसी लागू करने के लिए इसके अधीन संचालित होने वाली प्रक्रियाओं एवं नियमों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यूसीसी के प्राविधानों को व्यवस्थित रूप से संपादित किये जाने के लिए गठित उप समिति के कार्यों एवं विभिन्न विभागों के स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही को भी शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने इस संबंध में विभिन्न स्तरों पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा



कि यूसीसी को विधिवत लागू किये जाने से पूर्व सभी पहलुओं का गहनता एवं सजगता से अध्ययन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी के बारे में व्यापक स्तर पर जन जागरूकता भी लाई जाए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। यूसीसी के प्राविधानों को लागू करने के लिए गठित समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने जानकारी दी गई कि इस सबंध में तीन उप समितियों का गठन किया गया। नियमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए गठित उप समिति की अब तक 43 बैठकें हो चुकी हैं, जो 31 अगस्त 2024 तक अपनी रिपोर्ट देगी। नियमों के कार्यान्वयन में सुगमता और पारदर्शिता के लिए गठित उप समिति की 20 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं, यह उप समिति भी 31 अगस्त 2024 तक अपनी रिपोर्ट देगी। क्षमता विकास और प्रशिक्षण के लिए बनाई गई उप समिति भी 30 सितम्बर 2024 तक अपनी रिपोर्ट देगी। बैठक में बताया गया कि यूसीसी से संबंधित प्राविधानों को प्रभावी ढ़ग से क्रियान्वित किये जाने के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पंत, डीजीपी अभिनव कुमार, विभिन्न विभागों के सचिव, समिति के सदस्यगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## राजकीय शिक्षक संघ शिक्षा मंत्री का जताया आभार

रुद्रप्रयाग : राजकीय शिक्षक संघ जिला इकाई ने काउंसलिंग के माध्यम से वार्षिक स्थानांतरण प्रक्रिया सफलतापूर्वक अंतिम चरण में पहुंचने पर खुशी जाहिर की। साथ ही शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत व प्रांतीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। रुद्रप्रयाग में अयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि काउंसलिंग व्यवस्था से वर्षों से दुर्गम व अति दुर्गम विद्यालयों में सेवा दे रहे शिक्षकों को उनके मनपसंद विद्यालय मिल रहे हैं। राशिसं जिलाध्यक्ष नरेश भट्ट और मंत्री आलोक रौथाण ने एलटी से प्रवक्ता व हेडमास्टर के पदों पर शीघ्र पदोन्नति का रास्ता निकालने की मांग की है। जिससे वर्षों की सेवा के बाद एक ही पद से सेवानिवृत्ति की राह वाले शिक्षकों के चेहरे पर खुशी लाई जा सके। इस अवसर पर संघ के जिला उपाध्यक्ष शीशपाल पंवार, ललिता रौतेला महिला उपाध्यक्ष, दीपक नेगी संयुक्त मंत्री, कुसुम भट्ट संयुक्त मंत्री महिला, संगठन मंत्री महिला बिमला राणा, सरोप नेगी, उमेद बैरवाण, शंकर भट्ट, अंकित रौथाण, जेपी चमोली, प्रवीण घिड़ियाल समेत कई शिक्षक मौजूद थे। (एजेंसी)

# हिंसा व अपराध कम करने में सहायक है योग

नई टिहरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में राष्ट्रीय योग सेमिनार का आयोजन किया गया। शिविर में योग को अपराध और हिंसा कम करने में सहायक बताया गया। सोमवार को श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में आयोजित योग सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पर्वतारोही व केंद्रीय संस्कृत विवि की ब्रांड अम्बेसडर पद्मश्री संतोष यादव ने किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत के अध्ययन से मन में विराटता व शुद्धि आती है। संस्कृत हमें संस्कारवान व सभ्य बनाती है। यह भाषा हमें भोजन और वस्त्र का विज्ञान सिखाती है। एवरेस्ट विजेता संतोष यादव ने कहा कि, हमें अपनी आवश्यकताओं को न्यून करना चाहिए ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके। उन्होंने भारतीय पारंपरिक वस्त्रों व भोजन अपनाने पर जोर दिया। साबुन, प्लास्टिक का कम प्रयोग करने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि, पेड़ काटने के जैसा सख्त कानून पेड़ लगाने के लिए भी बनना चाहिए। उन्होने एवरेस्ट विजय में आयी कठिनाइयों को भी सेमिनार में साझा किया। विश्वविद्यालय के शैक्षिक मामलों के पूर्व अधिष्ठाता व पुरी परिसर निदेशक प्रो. बनमाली बिश्वाल ने शांति की स्थापना में योग के महत्व को रेखांकित किया। भारतीय शास्त्रों में इसकी महिमा वर्णित है। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर व भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के संयुक्त सेमिनार में योग विषयक 25 शोध-पत्र भी पढ़े गए। ह्ययोगदर्शन के समग्र अर्थ : योग सूत्र और हठयोग प्रदीपिका के विशेष संदर्भ की संगोष्ठी में विश्वविद्यालय प्रकाशन विभाग निदेशक प्रो.काशीनाथ न्योपाने ने कहा कि योग का वास्तविक स्वरूप बरकरार रहना चाहिए।

## डीएम दीक्षित ने 38 शिकायतों का किया निस्तारण

नई टिहरी : सोमवार को आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में डीएम मयूर दीक्षित ने आम लोगों की शिकायतों को सुना।

डीएम ने मौके पर 38 फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण किया। इस मौके पर डीएम ने अधिकारियों को विभागों की छोटी-छोटी शिकायतों को तुरंत निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिला सभागार में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में ससुमण कोड़ियाला निवासी यशवन्त राणा ने अपनी भूमि पर किसी अन्य द्वारा अतिक्रमण किये जाने की शिकायत की।

जिसे लेकर एसडीएम नरेन्द्रनगर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश डीएम ने दिये। बी-58 मॉडल हाउस नई टिहरी में बरसाती नाले से हो रही समस्या के चलते नाले के ऊपर स्लैब डलवाने की मांग स्थानीयों ने किया। जिस पर एसडीएम टिहरी को इस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश डीएम ने दिये। अध्यक्ष श्रीदेव सुमन ग्राम विकास समिति के विनोद बडोनी ने ग्राम जौल व सेमलवाड़ी गांव में पुरानी लाइन के पाइपों में जंक व गाद भरने तथा नई पेयजल योजना में पानी का फ्लो कम होने के कारण पेयजल होने की शिकायत की। जिस पर ईई जल संस्थान को पेयजल समस्या के निस्तारण को कहा गया। ऐसे ही अन्य लोगों ने डीएम के सामने शिकायतों को रखा। इस मौके पर सीडीओ डा. अभिषेक त्रिपाठी, एडीएम केके मिश्रा, डीडीओ मो असलम, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, एसडीएम घनसाली अपूर्वा सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## शिव मंदिरों में बम भोले और हर हर महादेव के जयकारे

चमोली : श्रावण मास के पहले सोमवार को चमोली जिले में शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ जुटी। चारों ओर बम भोले और हर हर महादेव के जयकारे लगे।

11 हजार फिट की ऊंचाई पर स्थित भगवान भोले नाथ की तप भूमि रुद्रनाथ में विशेष पूजा-अर्चना और रुद्रीपाठ किया गया। गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में बडी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर के दर्शन किये। गोपेश्वर के निकट सकलेश्वर, मंडल ब्योमकेश, पूर्णेश्वर महादेव, बटलेश्वर महादेव, हल्देश्वर (हल्दापानी) सुभाष नगर गोपेश्वर सहित बदरीनाथ धाम स्थित आदि केदारेश्वर मंदिर में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने जलाभिषेक किया तथा भगवान के दर्शन पूजन किया। (एजेंसी)

# आम जनता को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करें विभाग : सिविल जज

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के तत्वाधान में राइका सावरी सैंण, सैकोट में 28 जुलाई को बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर की तैयारियों को लेकर सोमवार को सिविल जज (सी0डि0)/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पुनीत कुमार ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि शिविर में विभागीय योजनाओं से सभी पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाए। बहुउद्देशीय विधिक शिविर में कानूनी जानकारी देने के साथ स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण की जाएगी। सिविल जज ने शिविर में आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था, विधवा आदि सामाजिक पेंशन संबंधी समस्याओं का मौके पर निराकरण करने के निर्देश दिए। श्रम विभाग को कामगारों के श्रम कार्ड और पूर्ति विभाग



को राशन कार्ड एवं खाद्यान्न आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। कृषि एवं उद्यान विभाग को खाद, बीज एवं उपकरणों के साथ काश्तकारों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। सिविल जज ने निर्देश दिए कि शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। बैठक में मुख्य विधि परामर्शदाता समीर बहुगुणा, हिमांद समिति के सचिव उमा शंकर बिष्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसएस खाती सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर और तेजी से होगी नियुक्ति : सीएम

**सीएम ने उच्च शिक्षा एवं शहरी विकास विभाग के 153 अभ्यर्थियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र- 68 असिस्टेंट प्रोफेसर, 63 अधिशासी अधिकारी एवं 22 कर व राजस्व निरीक्षकों को मिले नियुक्ति पत्र**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग में चयनित 68 असिस्टेंट प्रोफेसर, शहरी विकास विभाग में चयनित 63 अधिशासी अधिकारी एवं 22 कर व राजस्व निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू करके इस समस्या को जड़ से खत्म किया है। आज योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आगे भी विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को जल्द भरेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अभ्यर्थी राज्य सरकार के साथी के रूप में राज्य में अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मिलने वाली है, उसका निर्वहन पूर्ण मनोयोग और ईमानदारी से करना है और उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाने के लिए सभी को अपना योगदान देना है। सभी चयनित युवा अपनी मेहनत, माता-पिता, गुरुजनों एवं भगवान के आशीर्वाद से इस मुकाम पर पहुंचे हैं। जीवन के इस नए आयाम में नई शुरुआत करनी है, नौकरी के पहले दिन से ही संकल्प, अनुशासन लेकर कार्य करें, आगे काम करने के लिए जीवन में मापदंड तय करने होंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी अपने कार्यक्षेत्र




में ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चयनित अभ्यर्थी हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपके द्वारा किए गए कार्यों का प्रभाव लाखों लोगों पर पड़ेगा, जनता के विश्वास पर खरा उतरना सभी की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। आपकी लगन और मेहनत से प्रदेश विकास क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। राज्य सरकार की संकल्पना समृद्ध और सशक्त उत्तराखंड की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये हैं। राज्य में 20 मॉडल कॉलेज बनाये जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक फकीर राम टम्टा, सचिव शैलेश बगौली, सचिव नितेश झा, निदेशक शहरी विकास नितिन भदौरिया, अपर निदेशक डॉ. ललित नारायण मिश्रा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### योजनाओं को आगे बढ़ाने में होगी युवा अफसरों की महत्वपूर्ण भूमिका

कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि लोक सेवा आयोग से चयनित सभी युवा, आने वाले समय में हमारे योग्य और सक्षम अधिकारीगण बनेंगे। आज प्रदेश में 105 निकाय हैं, शहरी विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने में सभी युवा अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इन अभ्यर्थियों के आने से विभाग के कार्यों में तेजी आयेगी। प्रदेश में 9 नगर निगम, 47 नगर पालिका, 49 नगर पंचायतें हैं। इन क्षेत्रों का विकास विभाग की प्राथमिकता में है। अब नए युवा अधिकारियों के आने से यह कार्य और सरलता से हो सकेगा।

### शिक्षा विभाग में होगी 11 हजार नियुक्तियां

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में तीन वर्षों में 15 हजार 500 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने का कार्य किया गया है। इस वर्ष 4000 बेसिक शिक्षकों, 1600 एल.टी , 882 लेक्चरर, करीब 622 प्रधानाचार्य, बीआरपी सीआरपी में 1500, हर इंटर कालेज हेतु 2500 चतुर्थ श्रेणी की नियुक्ति करने वाले हैं। इस प्रकार से कुल 11 हजार लोगों की नियुक्तियां शिक्षा विभाग में होंगी। इसके अलावा 1500 नर्सिंग स्टाफ, 750 एएनएम, 500 सीएचओ, 500 डॉक्टर्स, 378 मेडिकल कॉलेज हेतु असिस्टेंट प्रोफेसर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, हरिद्वार, रूद्रपुर मेडिकल कॉलेज हेतु 3700 पदों पर नियुक्तियां देने जा रहे हैं। आज राज्य सरकार युवाओं की रोजगार के कई अवसर दे रही है।

## डीएम सोनिका की अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई का आयोजन

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 82 शिकायत प्राप्त हुई। जनसुनवाई में अधिकतर शिकायत भूमि विवाद, अतिक्रमण, आपसी विवाद, पेयजल, जल संस्थान, बिजली, पानी, आपदा जलभराव, वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतें प्राप्त हुई।जनसुनवाई में एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया उसने ऋषिकेश क्षेत्रान्तर्गत भूमि क्रय की गई। जिसकी समस्त धनराशि का भुगतान कर दिया गया किन्तु उसको भूमि पर कब्जा नही दिया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को कार्यवाही के निर्देश दिए वहीं जलभराव सम्बन्धी शिकायतों पर जिलाधिकारी ने नगर निगम, सिंचाई सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी निर्देशित किया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी त्वरित कार्यवाही करते हुए सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि झूलती तारों ठीक करें तथा जर्जर विद्युत पोल को तत्काल बदलें। इसके उपरान्त जिलाधिकाील ने 1905 सीएम हेल्पालाइन की समीक्षा करते संबंधित अधिकारियो को सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेते हुए साथ ही शिकायतकर्ताओं के दूरभाष पर भी वार्ता करने के निर्देश दिए।

### तेज बारिश से दून शहर में जलभराव, ड्रेनेज सिस्टम फेल

देहरादून। दून शहर का ड्रेनेज सिस्टम सोमवार की बारिश में फिर जवाब दे गया। शहर में जगह–जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। बड़े नालों से लेकर नालियां तक चोक हो गई। मुख्य सड़कों पर पानी भरने की वजह से जगह–जगह वाहन फंस गए। इससे जाम की स्थिति पैदा हो गई। यहां रविवार देर रात से ही तेज बारिश हो रही थी, जो सोमवार सुबह तक रही। नाले नालियों से पानी की निकासी नहीं होने से रायपुर में लक्ष्मी नारायण एनक्लेव, संजय कालोनी पटेलनगर, जीएमएस रोड स्थित द्रोणपुरी आदि क्षेत्रों में घरों में बारिश का पानी आ गया। नालापानी में नवोदय स्कूल के पास स्थानीय निवासी पंकज शर्मा के घर में बारिश का पानी आने से नुकसान हुआ।

# जन संवाद कार्यक्रम में 36 शिकायतें दर्ज, 19 का निराकरण

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनसंवाद जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 36 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें 19 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में प्रधान ग्राम सभा किमाणा संदीप सिंह पुष्पवान ने जल जीवन मिशन के तहत सारी-करोखी-पैन-किमाणा कंथा पेयजल योजना में वन विभाग द्वारा व्यवधान में अनावश्यक हो रही देरी की शिकायत दर्ज



की। वहीं किमाणा के ग्रामीणों ने गांव तक निर्माणाधीन मोटर मार्ग पर डामरीकरण करने के संबंध में प्रार्थना-पत्र दिया। दानकोट गांव के प्रेम लाल ने प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने की याचना की। अध्यक्ष अध्यापक अभिभावक संघ इंटर कॉलेज ऊखीमठ संदीप पुष्पवान ने कॉलेज में विभिन्न विषयों के रिक्त पदों पर तैनाती करने तथा क्षतिग्रस्त कक्षा कक्षों का पुनर्निर्माण करने की मांग की। बीरों धनपुर के राजपाल सिंह ने विद्युत लाइन शिफ्टिंग करने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। जलई सुरसाल के पदमू लाल ने बैंक से लिए गए ऋण को माफ करने की मांग की। इस तरह आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में कुल 36 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें 19 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं शेष शिकायतों का निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि जनसंवाद जनता मिलन कार्यक्रम में जो भी शिकायतें व समस्याएं दर्ज की गई हैं उनका निराकरण एक सप्ताह अंतर्गत करना सुनिश्चित करें।

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार को श्री केदारनाथ धाम में की विशेष पूजा-अर्चना

**जयन्त प्रतिनिधि।** रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम के मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने समस्त देशवासियों को श्रावण मास की अनंत शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पवित्र श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का महापर्व है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से केदारेश्वर ज्योतिर्लिंग इस दिव्य हिमाचल के उतुंग शिखर पर विराजमान है जहां सतयुग से ही अब तक निरंतर भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में केदारनाथ में भगवान शिव का नित्य महाभिषेक तथा अर्चन किया जाता है, जिसे दिव्य श्रावण मास के पवित्र पर्व के रूप में मनाया जाता है।

मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, मुख्य कार्यकारी



अधिकारी योगेंद्र सिंह तथा तीर्थ पुरोहित समाज के सहयोग से इस दिव्य धाम में नित्य पूजा-अर्चना की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्रावण माह के महापर्व में प्रतिदिन भगवान शिव को नित्य फलों का अर्चन किया जाएगा। बताया कि श्रावण मास में एक माह तक नित्य भगवान शिव की विशेष रूप से पूजा की जाएगी। यह पूजा पूरे विश्व की शांति एवं कल्याण के लिए की जा रही है। उन्होंने भगवान केदारनाथ से समस्त देशवासियों तथा शिव भक्तों के कल्याण की कामना की है। महाराष्ट्र के नासिक से केदारनाथ धाम पहुंचे संविदानंद मंडलेश्वर ने बताया कि केदारनाथ धाम में पूर्ण श्रावण मास का अनुष्ठान किया जा रहा है जो बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति, तीर्थ पुरोहित समाज तथा जिला प्रशासन के सहयोग से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा एक माह तक अनुष्ठान किया जाएगा जिसमें प्रतिदिन 30 हजार वस्तुओं को ईश्वर को समर्पित किया जाएगा। इनमें हर रोज 3100 फलों का अर्पण किया जाएगा जिन्हें चढ़ावे के बाद दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। उन्होंने इस अनुष्ठान को विशेष बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य पूरे विश्व की शांति, सद्भाव एवं कल्याण करना है। इस अवसर पर केदारसभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि श्रावण मास के पहले सोमवार को ब्रह्म कमल से भगवान शिव की आराधना की गई।

### ब्राह्मण महासभा ने शिव भक्तों को पौधे बांटे

देहरादून। अखिल भारतवर्ष ब्राह्मण महासभा ने सावन के पहले सोमवार पर शिव भक्तों को पौधे बांटे। अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने बताया कि महंत कृष्णगिरी महाराज की मौजूदगी में शिव सत्संग भवन पटेलनगर में विधिवत पूजा–अर्चना की गई। इसके बाद सभी को पौधे बांटे गए।

## उत्तराखण्ड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने की राज्यपाल से मुलाकात

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को उत्तराखण्ड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। राज्यपाल ने टीम को दिल्ली में आयोजित ''इंडियन व्हीलचेयर क्रिकेट प्रीमियर लीग–5'' प्रतियोगिता जीतने पर बधाई देते हुए खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। टीम जून में हुई प्रतियोगिता के फाइनल में महाराष्ट्र को हराकर चैंपियन बनी है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने इंडियन व्हीलचेयर प्रीमियर लीग जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है, जिस पर हम सभी प्रदेशवासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग क्रिकेट टीम की सफलता से राज्य का ही मान नहीं बढ़ा बल्कि इससे अन्य दिव्यांगजनों को प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा की आप सभी ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से जो लक्ष्य हासिल किया है वह अन्य लोगों के लिए भी उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगजनों को खेलों की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनका सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के सहयोग के लिए औद्योगिक संस्थानों सहित स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे आना होगा। इस अवसर पर उन्होंने यूनाइटेड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी ली और कहा की खिलाड़ियों और एसोसिएशन को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष गणेश शाह, उपाध्यक्ष विजय रमोला, सचिव उपेन्द्र पंवार, टीम के कप्तान मनोज कुमार, उपकप्तान धनवीर सिंह, खिलाड़ी विकास कुमार, हरेंद्र सिंह, आकाश पटेल, सुबोध, कमल हसन, आलोक कुमार, रोहन शर्मा, अरविंद सिंह और अनीश मौजूद रहे।